भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 970

सोमवार, 26 जुलाई, 2021/4 श्रावण, 1943 (शक)

मंगलौर में स्थानीय लोगों के लिए रोज़गार

970 श्री प्रज्ज्वल रेवन्ना:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार मंगलूर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) में स्थानीय लोगों के लिए नौकरियों की मांग के संबंध में मंगलौर में हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शन से अवगत है, जहां कंपनी द्वारा स्थानीय लोगों को रोज़गार के अवसरों से वंचित किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो एमआरपीएल में सभी स्तरों पर नियमित/संविदात्मक आधार पर भर्ती किए गए स्थानीय लोगों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू)/प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों अथवा किसी अन्य सरकारी विभाग में स्थानीय लोगों के लिए नौकरियों के संबंध में कोई सरकारी नीति है;

(घ) एमआरपीएल में स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिए जाने के क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा हाल के दिनों में स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है और सरकार द्वारा ऐसे नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के विरुद्ध क्या दंडात्मक कार्रवाई की गई है?

उत्तर:
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) जी हां, मंगलूर रिफाइनरी एन्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) में स्थानीय लोगों के लिए नौकरियों की मांग करते हुए हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शन से सरकार अवगत है।

(ख) एमआरपीएल, जो कि केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, भारत सरकार के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए स्थानीय निवासियों सहित चयन प्रक्रिया में योग्यता अनुसार सभी अभ्यर्थियों को निष्पक्ष तथा समान अवसर देता है। एमआरपीएल द्वारा दिए गए रोज़गार का ब्यौरा निम्नानुसार है:

कर्मचारी	कुल	कर्नाटक से
नियमित प्रबंधन	904	402
नियमित गैर प्रबंधन	1205	896
अनुबंध	2985	2635

(ग) से (ङ): एमआरपीएल, भारत सरकार का केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के नाते भर्तियों के लिए भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए गए आदेशों का पालन करता है तथा सभी योग्य अभ्यर्थियों को जो भारत के नागरिक हैं, अपनी चयन प्रक्रीया में शामिल होने का उचित अवसर प्रदान करता है।

एमआरपीएल ने सभी अभ्यर्थियों को उचित अवसर प्रदान किया था तथा अभ्यर्थियों का चयन योग्यता के आधार पर किया गया था।

*****